Bajpai, Shri Vidya Dhar
Barua, Shri Bedabrata
Barua, Shri R.
Baswant, Shri
Besra, Shri S. C.
Bhagat, Shri B. R.
Bhanu Prakash Singh, Shri
Bhargava, Shri B. N.
Bhattacharyya, Shri C. K.
Birua, Shri Kolai
Buta Singh, Shri
Chavan, Shri Y. B.
Choudhary, Shri Valmiki
Choudhury, Shri J. K.
Dasappa, Shri Tulsidas

Dass, Shri C.
Deoghare, Shri N. R.
Deshmukh, Shri Shivajirao S.
Devinder Singh, Shri
Dhuleshwar Meena, Shri
Dwivedi, Shri Nageshwar
Ering, Shri D.
Ganesh, Shri K. R.
Ganga Devi, Shrimati
Gautam, Shri C. D.
Gavit, Shri Tukaram
Ghosh, Shri Parimal
Gudadinni, Shri B. K.
Hari Krishna, Shri
Hazarika, Shri J. N.
Hem Raj, Shri
Himatsingka, Shri
Jadhav, Shri Tulshidas
Jadhav, Shri V. N.
Jaggaiah, Shri K.
Jamir, Shri S. C.
Jamna Lal, Shri
Karan Singh, Dr.
Kavade, Shri B. R.
Kedaria, Shri C. M.
Khan, Shri M. A.
Kinder Lal, Shri
Kisku, Shri A. K.
Krishnan, Shri G. Y.
Kureel, Shri B. N.
Lakshmikanthamma, Shrimati
Laskar, Shri N. R.
Lutfal Haque, Shri
Mahadeva Prasad, Dr.
Mahajan, Shri Vikram Chand
Maharaj Singh, Shri
Malhotra, Shri Inder J.
Mandal, Dr. P.
Mandal, Shri Yamuna Prasad
Mane, Shri Shankarrao
Marandi, Shri
Master, Shri Bhola Nath
Mehta, Shri Asoka
Mekote, Dr.
Mirza, Shri Bakar Ali
Mishra, Shri Bibhuti
Mohammad Yusuf, Shri
Mohsin, Shri
Mondal, Shri Jugal
Mrityunjay Prasad Shri
Murti, Shri M. S.
Nahata, Shri Amrit
Naidu, Shri Chengalraya
Oraon, Shri Kartik
Pahadia, Shri Jagannath
Palchoudhuri, Shrimati Ila
Paokai Haokip, Shri
Parmar, Shri Bhaljibhai
Partap Singh, Shri
Parthasarathy, Shri
Patil, Shri C. A.
Patil, Shri Deorao
Patil, Shri S. B.
Poonacha, Shri C. M.
Pramanik, Shri J. N.
Qureshi, Shri Mohd. Shaffi
Radhabai, Shrimati B.
Raghu Ramaiah, Shri
Raj Deo Singh, Shri
Rajasekharan, Shri
Raju, Shri D. B.
Raju, Dr. D. S.
Ram, Shri T.
Ram Dhani Das, Shri
Ram Sewak, Shri Chowdhary
Ram Swarup, Shri
Ramshekhar Prasad Singh, Shri
Randhir Singh, Shri
Rao, Shri Jaganath
Rao, Shri Muthyal
Rao, Dr. V. K. R. V.
Reddy, Shri Ganga
Roy, Shri Bishwanath
Roy, Shrimati Uma
Sadhu Ram, Shri
Saleem, Shri M. Yunus
Sambasivam, Shri
Sanji Rupji, Shri
Sarma, Shri A. T.
Sayeed, Shri P. M.
Sayyad Ali, Shri
Sen, Shri Dwaipayan
Sen, Shri P. G.
Sethi, Shri P. C.
Sethuraman, Shri N.
Shambhu Nath, Shri
Shankaranand, Shri B.
Sheo Narain, Shri
Sher Singh, Shri
Sheth, Shri T. M.
Shinde, Shri Annasahib
Shukla, Shri Vidya Charan
Siddheshwar Prasad, Shri
Sinha, Shri Mudrika
Sinha, Shrimati Tarkeshwari
Snatak, Shri Nar Deo
Solanki, Shri S. M.
Sunder Lal, Shri
Supakar, Shri Sradhakar
Tula Ram, Shri
Venkatswamy, Shri G.
Verma, Shri Balgovind
Verma, Shri Prem Chand
Yadav, Shri Chandra Jeet

MR. CHAIRMAN : The result* of the division is : Ayes—30 ; Noes—135.

*The motion was negatived.*

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Clause 1, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill"

*The motion was adopted*

*Clause 1, the Enacting Formula snd the Title were added to the Bill.*

SHRI P. C. SETHI : I move :

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That the Bill be passed."

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर) : सभापति महोदय, अभी कांग्रेस पार्टी ने श्री शिव चन्द्र झा के संशोधन के खिलाफ यहां पर वोट दिया है। उन्होंने अपने संशोधन में कहा था कि आप केवल सुवर्ण के व्यापार पर नियंत्रण रखना चाहते हैं, स्वर्ण पर नहीं, लेकिन उनके संशोधन को गिराकर कांग्रेस पार्टी ने यह दावा किया है कि नहीं हम सुवर्ण पर भी नियंत्रण रखना चाहते हैं। आखिरकार, सोना क्या चीज है ? सोना सम्पत्ति के प्रति मोह का प्रतीक मात्र है। इस देश में प्राचीन ऋषियों के जमाने से, उपनिषद और गीता के जमाने से सम्पत्ति के प्रति निर्मोही बनाने का सन्देश हिन्दुस्तान की जनता को और दुनिया को दिया गया है। और इन लोगों का यह दावा रहा है कि हम इन सिद्धान्तों पर चलते हैं। सम्पत्ति के बारे में इस समय दो सिद्धान्त हमारे सामने हैं—एक कार्ल मार्क्स का सिद्धांत जिसमें सामाजिक संस्था के रूप में सम्पत्ति को खत्म करने की बात है और दूसरा यह गीता उपनिषद वाला सिद्धांत जिसमें हर व्यक्ति के मन में सुवर्ण और सम्पत्ति के प्रति जो मोह है उसको खत्म करने की बात है, मन ही को अनासक्त और निर्मोही बनाने की बात है। सामाजिक संस्था के रूप में सम्पत्ति को खत्म करने का प्रयोग सोवियत रूस में सबसे पहले हुआ। दो दफा मैं रूस गया था। वहां मैंने यह जानने की कोशिश की कि जिस देश में सम्पत्ति का सामाजिक संस्था के रूप में खात्मा हो चुका है, क्या उसमें नया मानव बना है। इस प्रकार मैंने सोवियत मानव का अध्ययन करने की कोशिश की लेकिन इसमें 50 साल के इंकलाब के बाद, मुझे बड़ी निराशा हुई। दो दफा वहां की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ता जो हमारे साथ अनुवाद आदि करने के लिये दिये गये थे, मैंने उनके मन को बहुत गहराई में जाकर अध्ययन करने की कोशिश की परन्तु मैं दंग रह गया। अक्तूबर, 1917 में जिन आदर्शों से, जिन प्रेरणाओं से प्रेरित होकर रूस में क्रान्ति की गई, मैंने जानने की कोशिश की कि कम्युनिस्ट पार्टी के जो अफसरान और कर्मचारी, फंक्शनरीज, हैं क्या इनमें अब कोई इस तरह की आदर्शवाद की प्रेरणा है ? और मैं इस नतीजे पर पहुंचा कि सोवियत यूनियन की कम्युनिस्ट पार्टी के जो एक अफसर और कर्मचारी, फंक्शनरीज हैं, उनके सामने कोई आदर्श और उदात्त तस्वीर नहीं है। हमारे साथ जो दो लोग रहे दोनों ने मुझको यह बताने की कोशिश की कि हमको अच्छा फ्लैट मिला है, हमारे पास सुन्दर फ्रिज है, हमारे घर में वाशिंग मशीन है, हमारे घर में टेलीविजन है, हमारे बच्चे विशेष स्कूल में पढ़ते हैं और हमारी बीबी सुन्दर है। तो सुन्दर बीबी के बारे में मुझे कोई एतराज नहीं है। लेकिन जहां तक बाकी चीजों का सवाल है मैंने अपने मन में यह सवाल किया कि क्या 50 साल की क्रांति के बाद भी इसी तरह का भौतिक आसक्ति वाला ही इन्सान पैदा करना यह कार्ल मार्क्स और लेनिन का उद्देश्य था ? अभी तक मुझे इस का ठीक जवाब नहीं मिला।

अब मैं अपने देश की ओर देखता हूं जिस में सम्पत्ति के प्रति इन्सान को निर्मोही और

*The following Members also recorded their votes :

*AYES* : Sarvashri George Fernandes, J. M. Biswas, G. Viswanathan, P. Gopalan, Lobo Prabhu, and Brij Bhushan Lal ;

*NOES* : Sarvashri Manibhai J. Patel and B. P. Mandal.

[श्री मधु लिमये]

अनासक्त बनाने की बात है। विनोबा जी का एक वाक्य था असंग्रह, अपरिग्रह आदि चीजें। लेकिन मैं देख रहा हूँ कि स्वार्थ, मोह और आसक्ति की जितनी भट्टी यहां जल रही है शायद ही किसी दूसरे देश में इतनी जल रही है। तो आखिरकार क्या बात है कि सम्पत्ति का सामाजिक संस्था के रूप में जहां खात्मा हुआ वहां नया मानव पैदा नहीं हो पाया। और जहां सम्पत्ति के प्रति इन्सान के मन में आसक्ति न रहे, मोह न रहे, इस तरह का दर्शन रहा, वहां भी स्वार्थ की भट्टी बुझ नहीं पायी ?

तो कभी कभी हमारा नेता कहता था कि हम ऐसे समाज के लिये लड़ें जिस में कार्ल मार्क्स वाली बात, यानी सम्पत्ति का सामाजिक संस्था के रूप में खात्मा और इन्सान को अनासक्त और निर्मोही बनाने वाला दर्शन दोनों का समन्वय मिलाप होगा। अगर इस तरह की कोई मिली-जुली एक मुकम्मिल क्रांति करने की चेष्टा होगी तो शायद नया युग नया जमाना आ सकता है।

इस स्वर्ण नियंत्रण कानून के बाद स्वर्ण के प्रति आसक्ति और मोह कम होना चाहिए था। लेकिन क्यों नहीं हुआ ? इसका सब से बड़ा कारण है, कानून बनाने वाले जो बड़े लोग हैं, और आज कांग्रेस पार्टी में सब से बड़ा व्यक्ति कौन है ? कुछ लोग कहेंगे कि निजलिंगप्पा साहब। लेकिन अधिकतर लोग मानते हैं कि जिनके हाथ में सत्ता है वह इस वक्त सब से बड़ा नेतृत्व करने वाला व्यक्ति है प्रधान मंत्री। तो जब प्रधान मंत्री स्वयं देश में और देश के भविष्य में विश्वास नहीं रखती, और वह विश्वास सम्पत्ति में और जमीन में रखती हैं, तो कैसे आप अपेक्षा कर सकते हैं कि हिन्दुस्तान के 40 करोड़ लोग भी सम्पत्ति और सोने के प्रति निर्मोही हो जायेंगे ?

सभापति महोदय, आप ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के बारे में बिना सबूत दिये बात नहीं करनी चाहिए। अभी जो मैंने निवेदन किया कि प्रधान मंत्री भी सम्पत्ति और स्वर्ण के बारे में निर्मोही नहीं हुई हैं तो हिन्दुस्तान की बहनों को और औरतों को वह कैसे आवाहन कर सकती हैं, मैंने इसके बारे में एक सवाल पूछा था। इस सवाल को पढ़ने की आप इजाजत दीजिये, क्योंकि तारांकित प्रश्न के रूप में इस का उत्तर आ चुका है। उस ओर मैं सदन का ध्यान खींच रहा हूँ, कोई नई बात अपनी तरफ से नहीं कह रहा हूँ। मेरा यह सवाल था।

"Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether the Nehru House owned by Shrimati Indira Gandhi in Allahabad has been reassessed for the purposes of Wealth-tax ;

(b) whether any action has been taken against the Prime Minister for wrongly claiming exemption for ornaments......*(Interruption)*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : How is it relevant ?

**श्री मधु लिमये** : स्वामिभक्ति आप क्यों दिखाने लगे। सरकार द्वारा दिया गया जवाब ही पढ़ रहा हूँ।

**सभापति महोदय** : कल मैंने रूलिंग दी थी कि जो सबजेक्ट है उससे रेलीवेंसी होनी चाहिये।

**श्री मधु लिमये** : 'बी' और 'सी' रेलीवेंट हैं। 'ए' नहीं है।

**सभापति महोदय** : मैंने कहा कि जो भी डिस्कशन हो उससे रेलीवेंसी होनी चाहिये।

**श्री रणधीर सिंह** : नेहरू हाउस का इसमे क्या ताल्लुक है ?

**सभापति महोदय** : कल इसलिये मैंने ऐक्सपंज किया। अगर कोई बात रेलीवेंट नहीं होगी तो रेकार्ड पर आने पर भी एक्सपंज कर दूंगा। इसलिए जो चीज रेलीवेंट नहीं होगी वह देख कर रेकार्ड से हम निकाल देंगे।

**श्री मधु लिमये** : यह पार्लियामेंट में दिया गया उत्तर निकाल देंगे ।

**सभापति महोदय** : इस बिल से किस तरह से यह सम्बन्धित है ?

**श्री मधु लिमये** : सोने के बारे में ही बोल रहा हूँ ।

**श्री बलराज मधोक** (दक्षिण दिल्ली) : सभापति जी, जो आपने कहा कि रेलीवेंट हो, मैं पूछता हूं कि इस सदन में कितनें भाषण होते हैं इस आधार पर 50 परसेंट जो बोला जाता है वह ऐक्सपंज होना चाहिये ।

**सभापति महोदय** : यह बात सही है ।

**श्री मधु लिमये** : आपकी बात को मान लिया ।

क्योंकि यह मिला जुला प्रश्न है इसलिये मैंने पढ़ा । खैर आप प्रश्न का 'बी' इसका 'ए' और 'सी' हिस्सा देखिये ।

"(b) whether any action has been taken against the Prime Minister for wrongly claiming exemption for ornaments worth Rs. 20,000 or so in her Wealth-tax returns ; and

(c) whether the source of these ornaments has been disclosed in view of the much...(*Interruption*)

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN (Chamba) : On a point of order, Sir.

**श्री रणधीर सिंह** : चांदी, तांबे और हीरे के ओरनामेंट हो सकते हैं ।

**सभापति महोदय** : यह कैसे रेलीवेंट है, बताइये । मैं इसको रेलीवेंट नहीं समझता हूं । आप बताइये कि कैसे यह रेलीवेंट है ।

**श्री मधु लिमये** : जो मैं कह रहा हूँ उसको कृपया सुनिये ।

आप स्वर्ण नियंत्रण करना चाहते हैं । स्वर्ण के प्रति जनता के मोह को खत्म करना चाहते हैं । जब हिन्दुस्तान के बड़े व्यक्ति अपने मन से स्वर्ण से मोह को नहीं निकालेंगे वह क्या खाक जनता से अपेक्षा करेंगे कि जनता उसके मोह को छोड़े । क्या यह रेलीवेंट नहीं है ?

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN : There is a procedure prescribed. That procedure has to be followed.

**सभापति महोदय** : उनके क्वेश्चन पर सरकार ने जो जवाब दिया है, उसका रेफरेंस दे रहे हैं । यह डाकूमेंट नहीं पेश कर रहे हैं, बल्कि जो आपकी सरकार ने जवाब दिया है उसका रेफरेंस दे रहे हैं ।

**श्री रणधीर सिंह** : विरोध बेंचेज पर 80 परसेंट जो मेम्बर्स हैं उनकी बीबियों के पास काफी ओरनामेंट्स हैं । माननीय कंवर लाल गुप्त जी की बीबी के पास 50,000 रु० के ओरनामेंट्स होंगे, और माननीय लोबो प्रभू की वाइफ के पास भी काफी ओरनामेंट्स हैं ।

**सभापति महोदय** : यह तो बहस की बात वह कर रहे हैं । सोना तो सबके पास है ।

**श्री मधु लिमये** : मैं यह अर्ज कर रहा था कि हम सभी लोग चाहते हैं कि सोना निकले । हम सोने पर विश्वास न करें, देश पर विश्वास करें, देश के भविष्य पर विश्वास करें, देश की अर्थ-व्यवस्था पर विश्वास करें । क्योंकि सोने का मतलब क्या है ? जो अपने कष्ट से, श्रम से या व्यवसाय से अर्जित किया है ।

**श्री रणधीर सिंह** : हमारी भाभी साहबा के पास कितने ओरनामेंट्स हैं ? दावे से कह सकता हूं कि 20,000 रु० से ज्यादा के हैं ।

**श्री मधु लिमये** : आप को कैसे मालूम हुआ ?

SHRI M. L. SONDHI (New Delhi) : The hon. Member from Haryana is bringing it to a low level......(*Interruptions*)

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN : As if you are bringing it to a high level. *(Interruptions)*.

**श्री मधु लिमये** : मैं दार्शनिक रूप में ले गया ।

**सभापति महोदय** : कोई आदमी बिना मेरी परमिशन के न बोले । अगर कोई बोलता है तो वह ठीक नहीं है और वह रेकार्ड पर नहीं जायेगा ।

**श्री मधु लिमये** : मैं प्रश्न का पूरा हिस्सा नहीं पढ़ पाया । मेरा प्रश्न था :

> "Whether the source of these ornaments has been disclosed in view of the much advertised statement of the present Prime Minister in 1962 that she had donated her gold ornaments to the nation."

अब जो उनका उत्तर है (ए) का मैं उसको छोड़ता हूं । मैं इलाहाबाद के घर की बात नहीं बतलाता हूँ । उसमें बतालाया गया है पौने दो लाख, लेकिन उसको छोड़ता हूँ । **(व्यवधान)**

**सभापति महोदय** : आप अपनी बात कहें आप दूसरों से बात मत कीजिये । **(व्यवधान)**

**श्री रणधीर सिंह** : यह हमारे पसीने की कमाई है, इसमें इसका क्या ताल्लुक है । मैं आप की रूलिंग चाहता हूं ।

**सभापति महोदय** : पहले गवर्नमेंट ने जवाब दिया है । अगर यह दूसरी जगह से होता तो मैं रिकार्ड पर नहीं जाने देता । लेकिन मैं आग्रह करूंगा कि माननीय सदस्य डिबेट के स्तर को नीचे न गिरायें ।

**श्री मधु लिमये** : ठीक है, मैं आपकी बात मानता हूं ।

**सभापति महोदय** : आप इसके बारे में जो कहेंगे और जो रिफरेंस देंगे, चूंकि वह अनस्टार्ड क्वेश्चन का जवाब है, इसलिये मैं उसको रखने दे रहा हूं अगर कोई दूसरा डाकुमेंट होता तो मैं उसको न रखने देता । अब आप समाप्त कीजिये और जो कुछ कहना है उसको जल्दी कहिये ।

**श्री मधु लिमये** :

> "(c) the source of the ornaments which have been coming down since years past is not in doubt. At the time of the Chinese aggression in November, 1962, the Prime Minister donated practically all her gold ornaments to the National Defence Fund."

अब ये "आल गोल्ड" की जगह "प्रैक्टिकली आल गोल्ड" पर आ गये । हमारे सामने ऐसे कोई आंकड़े नहीं दिये गये हैं कि कितने गहने थे और कितने दान में दिये ।

**सभापति महोदय** : मैं इसको अलाऊ नहीं करता ।

**श्री मधु लिमये** : मैंने इसको छोड़ दिया !

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN : This is not relevant......*(Interruptions)*. **

**सभापति महोदय** : यह रेकार्ड पर नहीं जायेगा ।

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN : He is casting aspersions. You say, either they are complimentary or not complimentary......*(Interruptions)* **

MR. CHAIRMAN : That will not go no record.

SHRI BAL RAJ MADHOK : Are we supposed to say only things which are complimentary to the Prime Minister ? What kind of an objection is being raised ? *(Interruptions)*. They are wasting the time of the House.

**सभापति महोदय** : अगर आप सुन नहीं सकते हैं तो दो मिनट के लिए बाहर चले जायें और फिर बाद में अन्दर आ जायें ।

जो कहा गया है उसकी परमिशन हम नहीं दे रहे हैं और जो रेफेंस दिया है, उसको हम रिकार्ड से हटा रहे हैं ।

---

**Not recorded

**श्री मधु लिमये** : मैं प्रधान मन्त्री का नाम नहीं लेता हूँ । मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूँ कि हम सामाजिक संस्था सम्पत्ति का विसर्जन करें । हमने बैंकों के राष्ट्रीयकरण का स्वागत किया है और इसलिए किया है कि सामाजिक संस्था के रूप में स्वर्ण और सम्पति का विसर्जन करने के कार्य में वह एक कदम था । इसलिए हमने उसका स्वागत किया है । इस तरह के सभी कदमों का मैं स्वागत करूंगा । लेकिन साथ साथ मेरा निवेदन हैं कि समाज के बड़े व्यक्ति, समाज के बड़े नेता, साधारण लोगों को यह बतायें कि हम को आप पर विश्वास है, इस देश पर विश्वास है, इस देश के भविष्य पर विश्वास है और आपको भी करना चाहिये, स्वर्ण पर नहीं करना चाहिये । जब तक यह आदर्श हम पेश नहीं करेंगे, आप लाख स्वर्ण कानून बनाइये, कोई नतीजा निकलने वाला नहीं है ।

MR. CHAIRMAN : I want to make one point clear. If anybody will refer to any person, on this side or that side, I will not allow it to go on record and I will ask him to sit down, and if he does not sit down, I will request him to go out. I have taken a firm decision. Therefore, the members should stick to the point and not go astray.

SHRI BAL RAJ MADHOK : How can you put any such restriction ? In whatever Mr. Madhu Limaye has said, we may agree or may not agree, but there was nothing unparliamentary in that ; he was only quoting question and answer...(*Interruptions*)

SHRI HARDAYAL DEVGUN (East Delhi) : This cannot be tolerated.

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : यह आप बहुत गलत काम कर रहे हैं । यह नहीं हो सकता है ।

SHRI M. L. SONDHI : Why should anybody be so sensitive ? They are absolute rulers. Absolute power corrupts absolutely. This is a very serious matter. How can this ruling go down ?

MR. CHAIRMAN : I will not allow any aspersions against any member.

SHRI M. L. SONDHI : You must consider it a little more coolly. You cannot say that it will not go on record. The very purpose of democracy is to criticise. We must have the right to criticise.

MR. CHAIRMAN : You have the right to criticise, but no aspersions should be cast against anybody.

SHRI M. L. SONDHI : Ours is a democracy ; it is not a monarchical system. They are setting a bad example. We have not done anything. We are prepared to abide by what you say, but they provoke you and make you give such a ruling.

**श्री कंवरलाल गुप्त** : भरत राम के केस में डिप्टी स्पीकर ने क्या रूलिंग दिया था उसको आप देखें प्राइम मिनिस्टर के बारे में जो जवाब दिया है, उसको अगर कोट भी नहीं किया जा सकता है, तो यह बहुत गलत बात है । उसको कोट तो करने दें ।

SHRI BAL RAJ MADHOK : You are playing the role of courtiers. You are hon. members ; you are not courtiers.

**श्री रणधीर सिंह** : यह क्या ऊटपटांग बातें कर रहे हैं । सियासी बदला निकाल रहे हैं ।

**17.00 hrs.**

**श्री मधु लिमये** : सभापति महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । मैं आप से एक जानकारी चाहता हूँ कि मैंने अभी जो प्रश्न और उत्तर पढ़े हैं, क्या आपने उन्हें रिकार्ड से निकाल दिया है ?

**सभापति महोदय** : मैंने यह नहीं कहा है लेकिन...

**श्री मधु लिमये** : कुछ माननीय सदस्यों को इस बारे में गलत-फहमी हो गई है ।

**सभापति महोदय :** लास्ट पोर्शन को मैंने निकाल दिया है, जिस में एसपर्शन मालूम हुआ ।

**श्री मधु लिमये :** मैंने कोई एसपर्शन नहीं किया है । अगर आप मेरे भाषण में से ऐसा एक भी शब्द निकालेंगे, जो इर्रेलिवेंट या अन-पार्लियामेंटरी हो, तो मैं उसको मानने के लिए तैयार नहीं हूं । इस बारे में अभी फैसला हो जाना चाहिए । यह पार्लियामेंट इस तरह नहीं चल सकती है । आप हमारी जुबान को बन्द करना चाहते हैं ।

**सभापति महोदय :** आपकी जबर्दस्ती भी नहीं चल सकती है ।

**श्री मधु लिमये :** इस बात का यही फैसला हो जाना चाहिए । आप तो पैनल आफ चेयरमैन हैं, लेकिन जो काम स्पीकर ने भी नहीं किया है, वह आप कर रहे हैं । कल भी आपने ऐसा ही किया था । मेरे भाषण का एक शब्द भी नहीं निकाला जाना चाहिए । मैं ने कुछ अनपार्लियामेंटरी नहीं कहा है ।

**सभापति महोदय :** मैं रिकार्ड मंगा कर देखूंगा ।

SHRI NAMBIAR : I want to speak on the Bill. As stated in the Statement of Objects and Reasons, the object is to rectify certain observations made by the Supreme Court. The Supreme Court has struck down 5 (2) (b), 27 (2) (d), 32, 46, 88 and 100. Now in the Statement of Objects and Reasons it is stated that the above mentioned provisions which have been declared by the Supreme Court to be invalid are being substituted by new provisions which have been drafted having regard to the observations made by the Supreme Court, and, therefore, redrafted to fill up the blank. That is all that they say. Certain other provisions of the Act which are similar in nature to these which have been declared invalid are also being modified in the light of the observations made by the Supreme Court. Therefore, this is an attempt to circumvent the declaration of the Supreme Court and to plug the holes. That is all. That is very glaringly admitted. But the purpose for which the Supreme Court has struck down these sections is that these are illegal provisions. They are being changed now by saying that they can be made legal again by adding here and there some words or substracting some words. That is not the way the Government should behave. When a provision of an Act is contrary to the provisions of the Constitution and it is bad in law, Government must give it up rather than taking it back in another manner.

Further it says that 'Opportunity is also being taken to amend' some other provisions of the Act—Sections so-and-so. In this way they are amending certain other sections also. What does it mean ? They want to utilise the opportunity to tighten it and not to liberalise it according to the wishes of the Supreme Court. After all, this is a legislation which is brought in against the people and not in their favour, but in the garb of fighting smuggling of gold. It directly affects the people who are having a little gold in the name of ornaments. It is for their safety and security. Banks are not available in the country side. To say that the nationalised banks will give credit to the rural population will take a long time to come. People do not get credit or loans in the rural areas without this yellow metal. That is the unfortunate situation in this country. Therefore, we cannot make a revolutionary change in such a way that the entire 50 crores of the people, both men, women and children will get away from the lure of gold and will behave in an angelic manner. It is not possible. Therefore, the feeling of the people and the provisions of the Constitution and the law are to be taken into consideration by the Government while amending the law.

All these considerations have not been taken into account. They are given the go-by. It is openly declared in the statement of objects and reasons. Therefore, the very concept of the amending Bill is wrong, ill-advised.

What the Government should have done was to look at the Gold Control Order from its very foundation, see what all changes were required so that it was radically mended or ended taking the nation into confidence. This was specially necessary after Morarjibhai had gone out. It is

Morarjibhai's child, baby. Why should Indira *Amma* take the baby on her lap? She should throw the baby along with the bathwater. Indiraji should not have accepted it, something which is unnecessary and not accepted by the people of India. She should have taken credit for doing so. The sooner she understands it the better.

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : सभापति महोदय, मुझे जो बातें कहनी थीं वह फर्स्ट रीडिंग में मैं कह चुका और मैं अब भी निवेदन करना चाहता हूँ मंत्री महोदय से कि क्योंकि जिस मकसद के लिए यह गोल्ड कंट्रोल बिल वह लाये थे वह एक भी मकसद हल नहीं हुआ, आप देखिये तस्कर व्यापार ज्यों का त्यों जारी है, सोने के दाम घटे नहीं, छिपा हुआ सोना बाहर आया नहीं, यह तीनों मकसद इसके पूरे नहीं हुए तो मैं समझता हूं कि सिर्फ इसी वजह से जैसा मेरे साथी नम्बियार ने कहा कि किसी चीज को हमने लागू कर दिया और लागू करने के बाद नाकामयाब होने के बावजूद भी उसको जबर्दस्ती लागू रखने की कोशिश की जाय तो यह गलत है। सिर्फ स्वर्णकारों के हित में ही नहीं, देश के हित में भी होगा कि आज इस कानून को हटा लिया जाय। यह खत्म कर दिया जाय। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि इसके बारे में वह सोचें और प्रधान मंत्री जी भी सोचें क्योंकि इस वक्त वह देश की वित्त मंत्री भी हैं और ठंडे दिल से सोचने के बाद, वह अगर इस फैसले पर पहुंच जांय, स्वर्णकारों से मिलने के बाद और दूसरे विरोधी दल के लोगों से तथा कांग्रेस दल के लोगों से भी मिलने के बाद अगर वह इस नतीजे पर पहुंच जाय कि यह स्वर्ण नियंत्रण जो लागू किया गया था वह जिस मकसद के लिए लागू हुआ था, वह मकसद उस से हल नहीं हुए तो अभी नहीं तो अगले सैशन में वह इसको वापस ले लें, यह मेरा निवेदन है।

**श्री बलराज मधोक** : सभापति जी, यह अमेंडिंग बिल सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को रद्द करने के लिए लाया गया है। हमारे संविधान के मुताबिक लेजिस्लेचर और जुडिशियरी यह अलग-अलग चीजें हैं और सुप्रीम कोर्ट का सब से बड़ा उद्देश्य यह है कि वह देखे कि जो कानून बनते हैं वह देश के संविधान के मुताबिक बनते हैं या नहीं बनते हैं। इसलिए जब सुप्रीम कोर्ट अपना कोई निर्णय देता है तो बजाय इसके कि उस पर विचार करें, यह सरकार उस निर्णय को सर्कमवेंट करने की कोशिश करती है और उसके लिए इस तरह के बिल लाती है। इसका अर्थ यह है कि इसका शायद अपने सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास नहीं, इसका शायद अपने संविधान पर विश्वास नहीं। मैं समझता हूँ कि इस प्रकार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मखौल उड़ा कर हम किसी की सेवा नहीं कर रहे हैं। जहां तक इस कानून का ताल्लुक है इस कानून का शुरू से इस देश की जनता ने विरोध किया है। जैसा हमारे भाई बैनर्जी ने कहा कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए यह कानून बनाया गया था उनमें से एक भी उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। कहा गया कि सोने का बड़ा तस्कर व्यापार होता है। यहां पर इंडिया इन्टरनेशनल सेन्टर में एक क्वेश्चन आन्सर सेशन था, उसमें हमारे जो चीफ हैं कस्टम्ज के, श्री आर० प्रसाद, उनसे सवाल पूछा गया कि आपके अनुमान के मुताबिक कितना सोना हर साल स्मगलिंग होता है देश के अन्दर तो उन्होंने कहा कि मेरे अनुमान के अनुसार मैं समझता हूं कि कम से कम एक हजार करोड़ रुपये का सोना हर साल स्मगिंग होता है। यह वास्तविक स्थिति है। स्मग्लिंग बन्द नहीं हुआ अब बढ़ रहा है। फिर जो लोग यह गहने बनाते थे आपने उनमें से बहुतों को बेरोजगार किया। अब वह अपना गुजारा कैसे करें? आज भी वह गहने बना रहे हैं। इस कानून के द्वारा इतना ही फर्क पड़ा है कि जो लोग दयानतदारी से अपनी रोटी कमाते थे, अब उनको बेईमान बन कर कमाना पड़ता है। आप लोगों को जानबूझ कर बेईमान बनाने पर तुले हुए हैं।

जहां तक सोने के मोह का ताल्लुक है—

[श्री बलराज मधोक]

अभी मधु लिमये जी ने कहा, तो हमारे कुछ भाइयों ने विरोध किया—परन्तु मुझे यह कहते हुए कोई संकोच नहीं है कि मेरी पत्नी को भी मोह है सोने के गहनों से। अगर इस देश की प्रधान मंत्री जो समाजवाद का नाम लेती हैं, गरीबों की हमदर्द बनती हैं मगर पचास लाख रुपये का महल बनवाती है—अगर उसको सोने से इतना मोह है तो मेरी और आपकी पत्नी को अगर सोने का मोह रहे तो इसमें कौन सी हैरानी की बात है। उन्होंने अभी जो रोल इस हाउस में प्ले किया, वह उनकी शान के शांया नहीं था, इस प्रकार का कोर्टियर का रोल इस हाउस में किसी को प्ले नहीं करना चाहिए। हम जनता के नुमाइंदे हैं, किसी आदमी के नुमाइंदे नहीं हैं। मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि इस प्रकार का रोल इस हाउस के अन्दर कोई मेम्बर प्ले न करे।......

**चौधरी रणधीर सिंह** : आप जनसंघ के कोर्टियर हैं और जो भाई आपके साथ बैठे हैं, वह उन के कोर्टियर हैं, उसी तरह से मैं अगर अपनी प्राइम मिनिस्टर का कोर्टियर हूं, तो मैं इसमें बुरा नहीं मानता। मैं आपकी बहुत इज्जत करता हूं, मैं चाहता हूं कि बहस का लेवल ऊंचा बना रहे और हमारा आपका प्यार बना रहे। आपने दो बातें कही, मैंने 3 सुना दीं, मेरी ज़ुबान आपसे कम नहीं है। आप पंजाब के हैं तो मैं हरियाणा का हूं "एक झाबर की तो एक बाबर की, दोनों थोक बराबर की।"

**श्री बलराज मधोक** : चौधरी साहब, मेरा यही कहना है कि हम किसी व्यक्ति का कोर्टियर न बनें। मैं अपनी पार्टी का मेम्बर हूं, उसके व्यू-प्वाइंट को जाहिर करना मेरा फर्ज है। आप कांग्रेस के हैं तो कांग्रेस का व्यू-प्वाइंट जाहिर कीजिये, लेकिन किसी आदमी का कोर्टियर न बनिये, इस हाउस की प्रेस्टिज इस बात की मांग करती है किसी व्यक्ति का चाहे वह प्रधान मंत्री हो या कोई हो, उसका कोर्टियर मत बनिये। न यह आपके लिए अच्छा है और न मेरे लिए अच्छा है और इस हाउस की प्रेस्टिज के भी अनुरूप नहीं है। यह मेरी प्रार्थना है—आप स्वीकार करें तो ठीक है, न स्वीकार करें तो मैं केवल प्रार्थना ही कर सकता हूं।

सभापति महोदय, मैं कह रहा था कि इस देश के अन्दर लोगों में सोने का मोह है, यह जा सके—इसके लिए हमारे शास्त्रों ने बहुत सी बातें कही हैं लेकिन हम उनको अपने जीवन में अपना नहीं पाये इस कानून से केवल इतना ही हुआ है कि जो काम पहले खुले आम होता था, वह अब बेईमानी से होता है। इसलिए इस कानून के बनाने का जो उद्देश्य था वह पूरा नहीं हुआ। इसलिये मैं सरकार से अपील करना चाहता हूं—इट इज़ नेवर टू लेट टु मेंड—किसी चीज को सुधारने में कभी देर नहीं होती है। यह गलती तब हुई—जब मोरारजी भाई इसको लाये। उस समय मोरारजी भाई को फेनेटिक कहा गया, उन को एक सनक है, जिसको वह जरूर पूरा करेंगे। लेकिन अब तो मोरारजी भाई भी नहीं हैं जैसा नम्बियार साहब ने कहा है—अगर हमारे नये वित्त मंत्री जरा हिम्मत करें तो यह बिल ही नहीं, इस सारे कानून को वापस लिया जाना चाहिए। गोल्ड कन्ट्रोल आर्डर गलत सिद्ध हुआ है, जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया था, उसमें से एक भी उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। इससे लाखों, करोड़ों लोग बेकाम और बेरोजगार हो गये हैं। इससे देश में बेईमानी बढ़ी है, तस्कर व्यापार नहीं रुका है। इन सब बातों पर विचार करते हुए मैं सरकार से अपील करना चाहता हूं कि वह इस गोल्ड कन्ट्रोल आर्डर को वापस लें और जो अमेण्डिंग बिल लाये हैं, जिसको सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को खत्म करने के लिये लाया गया है, इसको कम से कम वापस लें।

**श्री अब्दुलगनी डार** (गुड़गांव) : चेयरमैन साहब, मुझे इस थर्ड स्टेज पर कुछ ज्यादा नहीं कहना है। सरकार इस बात को जानती है कि

जब शुरू शुरू में इस गोल्ड कन्ट्रोल बिल को लाये, उस वक्त तकरीबन 160 आदमियों ने खुदकुशी की थी, हाराकारी की थी। क्यों की थी? इसलिए कि वे अपने बच्चों को भूखा मरते नहीं देख सकते थे। उसके बाद सरकार ने चाहा कि किसी तरह से कुछ ऐसा रास्ता निकाला जाय कि जिससे स्वर्णकारों की बेकारी भी न बढ़े, बेरोजगारी न बढ़े और लोगों को हम ज्यादा से ज्यादा इस बात पर मजबूर न करें कि वे बेईमानी से या छिप कर काम करें। तो सरकार ने इस तरफ कुछ सोचना शुरू किया। अब मेरा ख्याल यह है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने काफी से ज्यादा दफाआत के बारे में कह दिया है कि वे आईन के खिलाफ हैं और चूंकि आईन के बनाने वाले ये लोग हैं और चलाने वाले ये लोग हैं, तो मैं समझा था कि अब शायद इस चैप्टर को क्लोज कर दिया जायेगा। गांधी जी ने जो कुछ किया उसमें किसी पर तशद्दुद से काम नहीं लिया बल्कि अपने पीछे करोड़ों को लगाया। वह चले गये उन्होंने किसी पर हाथ नहीं उठाया। मैं सरकार से अर्ज करना चाहता हूँ कि किस लिए आप इस मुसीबत में पड़ते हैं जिसमें कुछ भी मिलने का नहीं। जैसा कि मघोक जी ने कहा और खुद सरकार मानती है कि एक हजार करोड़ का सोना स्मगिल होता है इसके माने यह हैं कि जो स्मगलर्स हैं उनकी आप बड़ी सर्विस करते हैं। यहाँ पर पहले पाकिस्तान से सोना आता था क्योंकि वहाँ पर सस्ता था लेकिन अब वहां पर मंहगा हो गया है इसलिए वहाँ से आना बन्द हो गया। अब कुवैत या जहां जहां पर भी पेट्रोल है वहां पर सोना बहुत सस्ता है और वहाँ से ही यहां पर सोना आता है। अगर आपको सोने की दरकार है तो स्मगलर्स को सजा के बदले इनाम दीजिये क्योंकि सरकार चाहती है कि यहां पर सोना आये। मैं चाहूँगा कि जब वजीर साहब जवाब दें तो इस बात को बतायें कि जितनी करेन्सी आपने जारी की है क्या उसके बराबर आपके पास सोना है। अगर है और जो आपने डिवैलुएशन किया करेन्सी का तो क्या इस बात का खतरा पैदा नहीं हो गया कि फिर डीवेलुएशन करना पड़े। तो मैं यह अर्ज करूंगा कि ऐसा बिल लाने की कोशिश करें जिससे जनता का मोराल उठे। गांधी जी का जो नारा सत्य और अहिंसा का था उसका नक्श एक एक के दिमाग में बैठ जाये कि अगर देश को उठाना है तो सच्चाई से उठाना है, फरेब से नहीं उठाना है। मेरी बहन के पास कितना है, मैं इस बात को नहीं कहता – इस वक्त किसी की जायदाद पर हमें बहस नहीं करनी है बल्कि गोल्ड पर बहस करनी है। जब वह मामला आयेगा तब उस पर भी बताऊंगा अभी तो गोल्ड की बात चल रही है। मैं हुब्बुलवतनी के नाम पर आपसे कहना चाहता हूँ कि आप ऐसा बिल न लायें जिससे सुप्रीम कोर्ट में आपकी निन्दा हो। अगर जीना है तो एक्जीक्यूटिव को भी जीना है और जुडीशियरी को भी जीना है। वरना तो फिर ला आफ जंगिल हो जायेगा। जैसा कि मुझे डर है, आज अर्जुन अरोड़ा सामने आये हैं कांग्रेस से बगावत करने के लिये और कल पता नहीं और कौन कौन बगावत करने लगेंगे। इसलिये आप ऐसा न कीजिये बल्कि मोहब्बत से हमारे दिल जीतिये, जनता के दिल जीतिये। हम आपके साथ हैं, हम आपके सेवक हैं और आपके साथ रहेंगे, हर अच्छे मूव में आपका साथ देंगे।

[ شری عبدالغنی ڈار (گوڑگانوہ) چیرمین صاحب مجھے اس مو ضوع پر کچھ زیادہ نہیں کہنا ہے۔ سرکار اس بات کو جانتی ہے کہ جب شروع شروع میں اس گولڈ کنڑول بل کو لائے اس وقت تقریباً ۱۶۰ آدمیوں نے خودکشی کی تھی۔ ہاراکیری کی تھی۔ کیوں کی تھی اس لئے کہ وہ اپنے بچوں کو بھوکا مرتے نہیں دیکھ سکتے تھے اس کے بعد سرکار نے چاہا کہ کسی طرح سے کچھ ایسا راستہ نکالا جائے کہ جسے سونرکاروں کی بیکاری بھی نہ بڑھے۔ بیروزگاری نہ بڑھے اور لوگوں کو ہم اس بات پر زیادہ سے زیادہ مجبور نہ کریں کہ وہ بے ایمانی سے یا چھپکر کام کریں۔ سرکار نے اس طرف کچھ سوچنا شروع کیا۔ اب میرا یہ خیال ہے کہ جب سپریم کورٹ نے کافی سے زیادہ دفعات کے بارے میں کہ دیا ہے کہ وے آئین کے خلاف ہیں اور چونکہ آئین کے بنانے والے یہ لوگ ہیں اور چلانے والے یہ لوگ ہیں

تو میں سمجھا تھا کہ اب شاید اس چیز کو کلوز کر دیا جائے گا۔ گاندھی جی نے جو کچھ کہا اس میں کسی پر تشدد سے کام نہیں لیا بلکہ آپ نے تیچے کروڑوں کو لگایا۔ وہ چلے گئے۔ انھوں نے کسی پر ہاتھ نہیں اٹھایا۔ میں سرکار سے عرض کرنا چاہتا ہوں کہ کس لئے آپ اس مصیبت میں پڑتے ہیں۔ جس میں کچھ بھی ملنے کا نہیں جیسا کہ مدھوک جی نے کہا اور خود سرکار مانتی ہے کہ ایک ہزار کروڑ کا سونا اسمگل ہوتا ہے اس کے معنی یہ نہیں کہ جو اسمگلرز ہیں۔ ان کی آپ بڑی سروس کرتے ہیں یہاں پر پہلے پاکستان سے سونا آتا تھا کیونکہ وہاں پر سستا تھا لیکن اب وہاں پر مہنگا ہو گیا ہے۔ اس لئے وہاں سے آنا بند ہو گیا۔ اب کویت یا جہاں جہاں پر بھی پیٹرول ہے وہاں پر سونا بہت سستا ہے اور وہاں سے ہی یہاں پر سونا آتا ہے۔ اگر آپ کو سونے کی درکار ہے تو اسمگلرز کو سزا کے بدلے انعام دیجیئے۔ کیونکہ سرکار چاہتی ہے کہ یہاں پر سونا آئے۔ میں چاہوں گا کہ جب وزیر صاحب جواب دیں تو اس بات کو بتائیں کہ جتنی کرنسی آپ نے جاری کی ہے کیا اس کے برابر آپ کے پاس سونا ہے۔ اگر ہے اور جو آپ نے ڈیویلیوئیشن کیا کرنسی کا تو کیا اس بات کا خطرہ پیدا نہیں ہو گیا کہ پھر ڈیویلیوئیشن کرنا پڑے۔ تو میں یہ عرض کرونگا کہ ایسا بل لانے کی کوشش کریں جس سے جنتا کا مورال اٹھے۔ گاندھی جی کا جو نعرہ ستیہ اور اہنسا کا تھا اس کا نقشہ ایک ایک کے دماغ میں بیٹھ جائے کہ اگر دیش کو اٹھانا ہے تو سچائی سے اٹھانا ہے۔ فریب سے نہیں اٹھانا ہے میری بہن کے پاس کتنا ہے۔ میں اس بات کو نہیں کہتا۔ اس وقت کسی کی جائیداد پر ہمیں بحث نہیں کرنی ہے بلکہ گولڈ پر بحث کرنی ہے۔ جب وہ معاملہ آئے گا تب اس پر بھی بتاؤں گا۔ ابھی تو گولڈ کی بات چل رہی ہے۔ میں حب الوطنی کے نام پر آپ سے کہنا چاہتا ہوں کہ آپ ایسا بل نہ لائیں جس سے سپریم کورٹ میں آپ کی نندا ہو۔ اگر جینا ہے تو اگیز کیوٹو کو بھی جینا ہے اور جوڈیشری کو بھی جینا ہے۔ ورنہ تو پھر لا آف دی گل ہو جائے گا جیسا کہ مجھے ڈر ہے۔ آج ارجن اروڑہ سامنے آئے ہیں کانگریس سے بغاوت کرنے کے لئے اور کل پتہ نہیں اور کون کون بغاوت کرنے لگیں گے۔ اس لئے آپ ایسا نہ کیجئے بلکہ محبت سے ہمارے دل جیتئے۔ ہم آپ کے ساتھ ہیں۔ ہم آپ کے سیوک ہیں اور آپ کے ساتھ رہیں گے۔ ہر اچھے امور میں آپ کا ساتھ دیں گے۔]

श्री शिव नारायण (बस्ती) : गरीबों को मिले रोटी तो मेरी जान सस्ती है—यह नारा इस देश में लगा था। मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस गोल्ड कन्ट्रोल कमेटी में मैं मेम्बर रहा हूँ, कितने आदमियों को इसमें एग्जामिन किया गया लेकिन एक ने भी यह लूपहोल नहीं बताया कि गोल्ड स्मगलिंग कैसे होता है। बाम्बे में कांग्रेस प्रेसीडेन्ट ने यह अश्योरेन्स दिया था कि सरकार इस बिल को वापिस लेगी। मैं कहता हूँ कि आप ऐसा बिल क्यों लायें, ऐसा कानून क्यों बनायें जिससे गरीबों को तकलीफ हो, वे बेरोजगार हों। मधोक जी ने ठीक कहा—अब दो सौ की जगह पर चार सौ देने पड़ते हैं। बेटी की शादी में कुछ जेवर जरूर देना पड़ता है—चाहे छोटा आदमी हो या बड़ा हो हर एक को देना पड़ता है। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता लेकिन मैं चाहता हूँ कि यह बिल वापिस हो। इसमें न तो मोरारजी भाई का दोष है और न सेठी जी का दोष है बल्कि इस फाइनेन्स डिपार्टमेंट का दोष है जो कि इस तरह के गलत बिल बनाता है जिसने सुप्रीम कोर्ट में सरकार की नाक कटती है। मैं चाहूंगा कि आप इस डिपार्टमेंट को ठीक करें। आज जो स्मगलिंग हो रही है उसका सारा लाभ अफसरशाही को है। ये मुल्क को तबाह कर रहे हैं। अगर आप चाहते हैं कि इस देश में प्रजातन्त्र और कांग्रेस जिंदा रहे तो इस कानून को वापिस लें और नया कानून ड्राफ्ट करके यहां पर पेश करें।

SHRI N. K. SOMANI (Nagaur) : Mr. Chairman ; One of the greatest misfortunes of this country has been that there is absolutely no reliable and comprehensive public opinion institute or opinion gathering forum due to which government brings in certain pieces of legislation, in complete disregard of public opinion. The genesis of this Bill lies in the obstinate and unimaginative measures which were once upon a time brought forward by an unimaginative Finance Minister. In the entire country there were protests that it is neither going to help the government in whatever its policies were, nor is it going to help at all to check smuggling of colossal quantities of gold into this country, because silver was found to be such an easy carrier and the foreign exchange and the currency notes that are also brought in in exchange have made it completely impossible that this Bill will ever have an impact on Indian society and our economic system.

The arguments which have been brought forward thus far are very sound arguments, namely, that persons who have no faith in the economic policies and the performance

of this government are not going to give up the lure either of gold or silver as long as he or she considers that it is a superior mode of investment. As far as that aspect is concerned, the late Shri Lal Bahadur Shastri had the courage to attack the lure for gold, by leading the people concerned. Now that the government is bringing forward legislation to remove the lure for gold and other social obscurantism which is strangulating this country, it is very neces- sary that the Prime Minister has to give a lead to the people by her own performance. She has to give a positive lead to the women of this country and the families to give up their lure for gold. On the other side, in economic matters we have to pursue a policy by which the value of our money may not go down from time to time.

I have been fighting against the smuggling of silver for the last two yearss, not only when Shri Morarji Desai was here, but also with the Prime Minister and with the customs officers. It is a great shame and I think I can only suspect that there is no will to break this ring. Otherwise, I cannot understand why, given the might of this empire of the Government of India and the State Governments, a check cannot be put on such undesirable activity which is reported day after day in newspapers of this country in very normal terms. A hover craft was introduced for a few weeks as a control measure and it had a salutary effect, as far as smuggling was concerned. Now, all of us from all sides of the House would like to put a check on smuggling. But we do not see any will or effort on the part of government to put a complete check as far as smuggling is concerned. There is absolutely no sincere effort to break this racket. Therefore, this entire legislation with the proposed amendment in the shape of the Bill now, is going contrary to what the public wants and is going to be completely futile.

**सभापति महोदय** : साढ़े पांच बजे से चूंकि दूसरी डिबेट है इसलिए मैं ज्यादा समय नहीं दे सकता।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : नियमों के अनुसार यह पास नहीं हो सकता है। आप ने अमेंडमेंट स्वीकार किया है तो थर्ड रीडिंग आज पास नहीं कर सकते हैं।

SHRI P. C. SETHI: No amendments have been accepted today.

**श्री शिकरे** (पंजिम) : सभापति जी, मैं विधेयक का हार्दिक समर्थन करता हूं। लेकिन प्रश्न यह है कि कानून तो हम अच्छा अच्छा बनाते हैं, लेकिन क्या अच्छा कानून बनाने से ही काम चल सकता है? मैंने इस विधेयक को सपोर्ट इसलिए दी कि इस का उद्देश्य अच्छा है। लेकिन हम देखते हैं कि इसका उद्देश्य जो है। इधर का माल उधर जाता है और उधर का माल इधर आता है, यानी जो स्मगलिंग होता है उस पर प्रतिबन्ध लगे। लेकिन हम देखते हैं, जैसा कि अभी अभी एक माननीय सदस्य ने कहा, कि हिन्दुस्तान में अभी भी एक हजार करोड़ रु० का सोना स्मगिल होता है। हमने हूवरक्राफ्ट खरीदा है और वह काम में लाते हैं। लेकिन मैं समझता हूं कि इस स्मग्लिंग पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए यह बिल काम में लाया जाना मुश्किल है क्योंकि रात में जो जहाज आते हैं वह स्मग्लिंग करते हैं। उन पर हम कैसे प्रतिबन्ध लगायें?

मैं गोआ की बात रखना चाहूंगा। गोआ से आयरन ओर और खनिज मैंगनीज का एक्सपोर्ट होता है। गोआ के कुछ आयरन ओर के एक्सपोर्टर हैं कहा जाता है कि यह उन का एक ही धन्धा है। लेकिन मुझे तो इसके बारे में शक है। कम से चालीस पचास स्टीमर रोज गोआ हार्बर पर आते हैं। क्या आप समझते हैं कि वह केवल खनिज लोहा लेने के लिए आते हैं? मेरा तो खयाल है कि वहां स्मग्लिंग आफ गोल्ड होता है। वह गोल्ड किलो में नहीं, मनों में नहीं बल्कि टनों में होता है। मैं यह कहना चाहूंगा कि गोआ डामन और ड्यू तीन स्पाट ऐसे हैं जहां से स्मग्लिंग होती है लेकिन आप उन को इस कानून से रोक नहीं सकते। पोर्चुगीज के जमाने में गोआ में स्मग्लिंग होता था। सरकार भी स्मग्लर्स को सुविधा देती थी। दुःख की बात यही है कि अभी भी उसी प्रमाण में वहां स्मग्लिंग होता है। इसलिए ऐसे ऐसे कानून

[श्री शिकरे]

पास करने से कोई फायदा नहीं है। कानून अमल में लाने के लिए आप के पास मशीनरी है या नहीं, यह प्रश्न महत्वपूर्ण है। मैं तो यही कहूंगा कि यह मशीनरी हमारे पास नहीं है। इस लिए हमारे बहुत अच्छे अच्छे कानून फेल होते हैं।

आप ने अभी सुना होगा कि 100 और 1,000 रु० के नोट खत्म किये जाने वाले हैं। हम ने सुना है कि जो बड़े बड़े नोट हैं 100 और 1,000 रु० के लोगों ने जब उन से सोना खरीदना शुरू किया तो सारा सोना अन्डरग्राउंड चला गया। हमारे भारत का पुराना नाम स्वर्णभूमि था। लेकिन आज स्वर्ण भूमिगत हो रहा है। इस कानून को पास करने के बाद हम अपने उद्देश्य में कितने सफल हो जायेंगे यह देखने की बात है। हमने इस विधेयक के लिये सम्मति दी है, इसका स्वागत किया है। लेकिन मैं कहूँगा कि ऐसे जो कायदे हैं उन को अमल में लाने के पहले जो हमारा शासन-तन्त्र है हम को उस को देखना होगा कि उनका मोराल क्या है। अगर हमारे देश में अच्छा केडर न हो तो इस तरह के कानून अमल में नहीं आते। हम जानते हैं कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण का कानून बन गया है, लेकिन अगर उस पर अमल अच्छी तरह से नहीं होगा तो उसका फायदा जो रिक्शे वाले हैं, टांगा वाले हैं, उन को कैसे मिलेगा, किसानों को उसका फायदा कैसे मिलेगा। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह इसके बारे में ध्यान दे, नहीं तो इस तरह के कायदे कानून बनाने से कुछ फायदा नहीं है।

**सभापति महोदय** : मंत्री महोदय।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। हम यह विधेयक आज पास नहीं कर सकते हैं। मेरा व्यवस्था का प्रश्न नियम 93(2) के अन्तर्गत है। इस विधेयक पर संशोधन स्वीकार किये गये हैं। आज भी संशोधन रक्खे गये हैं। इसलिए आप उनको आज नहीं ले सकते।

**सभापति महोदय** : आज जो संशोधन आये हैं, मैंने उनको अस्वीकार कर दिया है क्योंकि काफी दिनों से यह बिल सामने था और संशोधन पहले आने चाहिएं थे।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : हमें इस पर बोलना है।

**सभापति महोदय** : आप श्री भोगेन्द्र झा से पूछ लें। अगर वह अपनी आधे घंटे की चर्चा न उठाये तो आप को मौका मिल सकता है। समय अधिक नहीं है। छः बजे हमको एडजर्न करना है। अगर वह हां कर दें तो मुझे कोई एतराज नहीं है।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज**: अब भी तो साढ़े पांच बज चुके हैं और हम बोलना चाहते हैं।

**सभापति महोदय** : जी नहीं। मंत्री महोदय अब बोलेंगे।

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** (मुरादाबाद) : मैं केवल एक सवाल पूछना चाहता हूँ।

सोने की और सोने के जेवरों की मांग नित्य बढ़ रही है। ब्लैकमार्किटिंग चलती हैं और ब्लैक का जो रुपया कमाया जाता है वह केवल सोने में रखा जाता है। उसको देखते हुए और आभूषणों की माँग को देखते हुए, जो आप स्वर्ण कंट्रोल करने जा रहे हैं यह कैसे सफल होगा, यह मैं आप से जानना चाहता हूँ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI) : Mr. Chairman, Sir, I will not go into the detailed arguments which I had given while replying to the debate in the course of the first reading of the Bill. As far as the main object of the Gold Control Act, 1968 is concerned, I have elaborately explained what necessitated the Gold Control Act at that period of time. But subsequently from time to time many changes came into this. Initially, there was 14 carat restriction. Then, that went away as far as goldsmiths were concerned

and, later on that restriction went away with regard to dealers also. As far as the manufacture of gold ornaments is concerned, they can be manufactured with any carat whatsoever. There is no restriction on that. I have also amply explained that.

As far as the possessions of gold ornaments is concerned, there is no intention of the Gold Control itself to dispossess the public or the persons from the gold ornaments. There is no restriction on its possession. The only restriction is that if the ornaments are of more than 4000 grammes, the value totalling Rs. 60,000, in that case, a declaration has to be made. It is not to dispossess gold ornaments. The only restriction is with regard to the possession of primary gold.

Then, the entire purpose of the Gold Control Act, 1968, is it stands, is to regulate the gold control trade so that the imports may be restricted. It may be anybody's guess and one can say that smuggling has increased.

But our seizures in the last few years go to show that seizures have been mounting up and in the last few years gold worth about Rs. 27 crores has been seized.

Apart from that, the people have been punished under the Gold Control Act and gold worth about Rs. 5 crores has been seized even under the Gold Control Act. Even if smuggling is there—I will not deny; the smuggling is there—we are making all possible efforts. Mr. Somani referred to that question. The efforts are being made. Actually, we are acquiring Hoover crafts; we have taken other steps also. The Customs Act has been amended. Even restrictions have been but on the movement of gold. All possible steps are being taken to check smuggling.

The question was asked by Shri Prakash Vir Shastri and also by Shri Abdul Ghani Dar with regard to the deposits of gold for the currency issued. The total notes issued as on 25-7-69 was Rs. 3,576·75 crores. This was backed to the extent of Rs. 182·53 crores by gold coin and bullion and Rs. 200·89 crores by foreign securities and the balance is also backed by rupee coin and Government of India securities. All these provisions are more than fully covered by the Reserve Bank Act under section 33 (2). Therefore, whatever currency is under circulation, according to the Reserve Bank Act, under section 33 (2) it is more than amply covered. Therefore, there should be no fear on that account.

During the course of the debate, many questions were raised. As I have already said, as far as this Bill is concerned, this does not change the scheme or the substance of the Gold Act. This has been brought only in view of the fact that certain provisions of the Gold Control Act and certain sections were held invalid and, to that extent, we have made an improvement.

Apart from this, insinuations have been made in this House. Even the other day, the hon. Member, Shri K. L. Gupta, made a reference about the Prime Minister and her ornaments. I had no intention to touch upon the subject. But again that controversy has been raised in this House by Shri Limaye. It has become the tendency, whether it is relevant to the discussion in the House or not or whether it is appropriate or not, to malign the Leader of the House or other leaders. I would like to say, that the position as far as gold ornaments are concerned, has been amply clarified by the answer that I had given......

SHRI GEORGE FERNANDES: It does not.

SHRI P. C. SETHI: As far as gold ornaments of the Prime Minister are concerned, she made donation of gold ornaments during the time of the Chinese aggression and the value, the content and the quality of the ornaments which she donated at that time was quite substantial.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : "सबस्टैंशल" माने कितना ?

श्री प्र० चं० सेठी : वह आन्सर में दिया गया है ।

It was never said by anybody or by her in any statement that she had donated all the jewellery. The entire country knows about that family and the sacrifices that have been made by that family and the position of the family right from the time of Pandit Motilal Nehru to Pandit Jawaharlal Nehru. This jewellery is not possessed by her as if she has purchased it; this jewellery has come to her from the family. Gold ornaments were donated during the Chinese aggression, but the other...

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : मंत्री महोदय जो कुछ कह रहे हैं, उस पर बहुत बहस हो सकती है ।

**श्री प्र० चं० सेठी** : हो सकती होगी ।

Please allow me to say this. As far as the other jewellery is concerned, that was not donated and that is the position which has been clarified. Day in and day out all these questions are raised.

I would only like to say that the problem is there, certainly smuggling is there. It is difficult to say anything at this stage because in regard to such measures which are of socio-economic nature and where the traditions are centuries old, it is difficult to move in a short span of time. We will have to go into that aspect more carefully. The point has also been raised by the hon. members whether Government will go into that aspect again. The House and Government, as I have said during the First Reading also, are always competent to go into the entire aspect of the working of the Gold Control Act. At the present moment I am not in a position to commit myself to any assurance. I would only say that we will try our best to improve upon the situation both on the front of smuggling and also on the front of giving all possible facilities to the trade and the goldsmiths who are concerned.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

---

**17.38 hrs.**

## HALF-AN-HOUR DISCUSSION

**(Shri Prakash Vir Shastri** [*in the Chair*]**)**

### Disciplinary action against P & T employees

**श्री भोगेन्द्र झा** (जयनगर) : सभापति महोदय, एक साल पहले केन्द्रीय कर्मचारियों द्वारा जो एक दिन की सांकेतिक हड़ताल का एलान हुआ था, इस आध घन्टे की बहस का विषय उससे सम्बन्ध रखता है । मैं इस समय उस बात में नहीं जाऊंगा कि कर्मचारियों को किस कारण वह सांकेतिक हड़ताल करनी पड़ी थी । जैसा कि सब को ज्ञात है, उनकी एक मांग थी कि उन्हें जिन्दा रहने के लिए एक निम्नतम वेतन दिया जाये और उस मांग के औचित्य पर कोई दो रायें नहीं हो सकती हैं । उस वक्त सरकार ने न तो वे मांगें स्वीकार की और न ही वह किसी तर्कपूर्ण समझौते के लिये तैयार हुई । उसने केवल दमन-चक्र का रास्ता अपनाया जिस का नतीजा हम लोग जानते हैं ।

डाक-तार विभाग में 19 तारीख को हड़ताल होने वाली थी । सरकार एक दिन की हड़ताल से सन्तुष्ट नहीं हुई । उसने दो दिन पहले ही दिल्ली दमन-चक्र चालू किया, जिस का नतीजा यह हुआ कि एक दिन की हड़ताल तीन दिन की हड़ताल बन गई और उस की सोलहों आने जिम्मेदारी सरकार पर है । डाक-तार कर्मचारियों के राष्ट्रीय महासंघ ने केवल एक दिन की हड़ताल का एलान किया था और वह हड़ताल 19 तारीख को होनी थी । लेकिन सरकार के दमन और बहुत से कर्मचारियों की गिरफ़तारी के कारण वह हड़ताल तीन दिन—17, 18 और 19 तारीख की हो गई ।

19 को जो हुआ उसको हम सभी जानते है । सभी केन्द्रीय कर्मचारियों के ऊपर जो दमन हुआ, कितनी गिरफ्तारियाँ हुई, 14 की जान गई, 14 कर्मचारी गोली से मारे गये । उस के बाद यह घटनायें हुई जिन का मैं थोड़ा जिक्र करना चाहता हूँ । जब इतना राष्ट्रव्यापी दमन हुआ 14 की हत्या हुई, बहुत से लोगों को नौकरी से बरखास्त किया गया, इस सब के चलते जो देश में विरोध हुआ, उसके बाद में सरकार ने भी महसूस किया और कुछ नरमी का रुख अख्त्यार करने का प्रयास किया । जो मेरे प्रश्न का जवाब दिया गया है उस में बताया गया है कि 760 अभी भी हैं जिनको काम पर नहीं लिया गया । तो 18 अक्तूबर को पिछले साल केन्द्रीय सरकार की ओर से कुछ जो गल-